**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**भानिवार 25.01.2025** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रदेश में निकाय चुनाव की मतगणना जारी। देर रात तक चुनाव परिणाम घोशित होने की उम्मीद।**
- **उत्तराखंड में 27 जनवरी को समान नागरिक संहिता लागू होगी।**
- **प्रदेश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी, मुख्य समारोह देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।**
- **मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम का निरीक्षण कर 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का जायजा लिया।**

**चुनाव परिणाम 1**

प्रदेश में निकाय चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है। चम्पावत, रुद्रप्रयाग और टिहरी सहित प्रदेश की कुछ अन्य निकायों में मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई है। हांलाकि पूरे राज्य में देर रात तक चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। इस बार निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी, भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर देते हुए नजर आ रहे हैं। निर्दलीयों ने कई सीटों पर बढ़त बनाई हुई है और कुछ सीटों पर जीत भी दर्ज की है। चम्पावत जिले की चारों निकायों में भाजपा उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। इस बीच, टिहरी जिले में नगर पालिका टिहरी से अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत अपने नाम की। वहीं, नगर पालिका चम्बा, लम्बगांव, घनसाली, चमियाला, कीर्तिनगर और तपोवन से भाजपा प्रत्याशियी विजयी रहे। जबकि नगर पालिका मुनिकीरेती और गजा से निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। वहीं, अल्मोड़ा की नगर पालिका चिलियानौला, नगर पंचायत द्वाराहाट और भिकियासैंण में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई। बागेश्वर नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश खेतवाल विजयी रहे। उन्होंने कहा कि वे आगे भी विकास कार्यों को जारी रखेंगे।
उत्तरकाशी जिले की नगर पालिका चिन्यालीसौड़ के अध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार मनोज कोहली ने जीत दर्ज की। अंतिम समाचार लिखे जाने तक प्रदेश के 11 नगर निगमों में मेयर पद के लिए मतगणना जारी है।

**समान नागरिक संहिता**

उत्तराखंड में 27 जनवरी को समान नागरिक संहिता लागू होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस दिन मुख्यमंत्री आवास में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने के लिए नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में सचिव, शैलेश बगौली ने संबंधित वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजा है।

**राश्ट्रपति संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से इसका प्रसारण करेगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन कल कर्तव्य पथ से 76वें गणतंत्र दिवस परेड का सीधा प्रसारण करेंगे। ये प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ–साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म – वेव्स पर भी किया जाएगा।

**गणतंत्र दिवस तैयारी**

प्रदेश में कल गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह परेड की सलामी लेने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों और अन्य लोगों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

जाएगा। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों और सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस बीच, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र सहित प्रदेश के सभी सरकारी संस्थानों को रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया गया है।

## मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम का निरीक्षण कर 38वें राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ के लिए की जा रही तैयारियों के साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देहरादून में राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि खिलाड़ियों और आगन्तुकों की सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाय। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के पास राज्य में खेलों को बढ़ावा देने यह अच्छा अवसर है।

## राश्ट्रपति मतदाता दिवस

आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि यह गौरव का विषय है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा, विविध, युवा, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र है। नई दिल्ली में आज 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और देश में प्राचीन समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया विद्यमान है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व के लिए भारत का लोकतंत्र अनूठा उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने सुचारू चुनाव सुनिश्चित करने में अनुकरणीय प्रयासों के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ चुनावी कार्य पद्धति पुरस्कार प्रदान किए।

## द्वारमण्डपम भवन लोकार्पण

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन के मुख्य प्रवेश द्वार ''द्वारमण्डपम भवन'' का लोकार्पण किया। यह प्रवेश द्वार उत्तराखण्ड की पारंपरिक पहाड़ी शैली में बना है और अपनी भव्यता व आकर्षण के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और वास्तुकला को दर्शाता है। मुख्य प्रवेश द्वार के साथ ही आगंतुकों की सुविधा के लिए आगंतुक कक्ष, सीसीटीवी कक्ष और मुख्य सुरक्षा अधिकारी कक्ष का भी निर्माण किया गया है। इन कक्षों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त और आरामदायक बनाया गया है ताकि आगंतुकों और सुरक्षा कर्मियों को बेहतर अनुभव और कार्यस्थल मिल सके। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित इस प्रवेश द्वार का निर्माण आवश्यकताओं और स्थानीय वास्तुशैली के अनुरूप किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रवेश द्वार न केवल आगंतुकों को उत्तराखण्ड की समृद्ध वास्तु शैली और संस्कृति का अनुभव प्रदान कराएगा, बल्कि सुरक्षा अधिकारियों और उनके कर्मियों के लिए भी एक बेहतर कार्यक्षेत्र सुनिश्चित करेगा।